Asthal Bohar, Rohtak-124021
NH-10, NCR, Haryana (India)

BMU IN NEWS

BABA MASTNATH UNIVERSITY

10 March, 2022
Thursday
Page No.1

हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

11 स्केटिंग में इंडस स्कूल के हिमांक ने जीता गोल्ड

12 बाबा मस्तनाथ मठ में महंत ने दिए उपदेश प्रसाद बांटा



हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

श्रद्धा से सराबोर हुआ मस्तनाथ मठ मेला विदेशों से भी आए श्रद्धालु, खूब झूमे

नाथ पंथ के सिद्ध तपस्या स्थल पर शीश नवाया, भस्म रमाए साधु आए

- मठ का संपूर्ण परिसर पूरी तरह दूधिया रोशनी में सराबोर दिखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अस्थल बोहर में स्थित बाबा मस्तनाथ मठ में मेला शुरू हो चुका है। यह मेला तीन दिनों तक चलेगा। बुधवार को नागा साधुओं की अगुवाई में रैबारी समाज ने बाबा मस्तनाथ की पूजा अर्चना की। समाधि स्थल पर माथा टेकने के बाद बाबा मस्तनाथ का दरबार आम लोगों के लिए खोला गया। मेले में पूरे देश ह नहीं बल्कि विदेश से आए श्रद्धालुओं ने भी नाथ पंथ के इस सिद्ध तपस्वी स्थल पर शीश नवाया। इससे पहले शरीर पर भस्म रमाए नागा साधु नाचते गाते बाबा के समाधि स्थल पहुंचे। मठ के महंत बालकनाथ योगी ने गुरु गोरखनाथ की आरती की। मठ में दिनभर नाथ संप्रदाय से जुड़े साधु, संत व पीरों

रोहतक। मठ में गद्दी नशीन महंत बाबा बालकनाथ। फोटो : हरिभूमि

रोहतक। मठ में दर्शन करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

खाने-पीने के सामान के स्टाल सज गए

मेले में झूले, खिलौने, शृंगार और खाने-पीने के सामान के स्टाल सज गए हैं। पूरा दिन श्रद्धालुओं ने मेले का अनंद उठाया। शाम तक मेले में आने वाल श्रद्धालुओं का सिलसिला जारी रहा। अलग-अलग राज्यों के अनेक गणमान्य लोग पहुंचे। मेला प्रबंधन समिति द्वारा मेले परिसर में आने वाले

समाधि स्थल पर गुड़ कंबल चढ़या

आस्था के इस मेले के अवसर पर बाबा मस्तनाथ की समाधि स्थल पर गुड़ और कंबल चढ़या जाता है। सिद्ध शिरोमणि बाबा मस्तनाथ की समृति में शुरू हुए मेले का अपना इतिहास है। यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। बाबा

बंचारी का नगाड़ा आकर्षण का केंद्र बना

मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच समाधि स्थल से कुछ दूर बंचारी का नगाड़ा आकर्षण का केंद्र बना रहा। यहां लगातार नगाड़े की थाप पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। मेले में स्वच्छता, जल बचाओ और अन्य सामाजिक संदेश देने वाले पोस्टर नजर आए।

शाम को भजन संध्या

तीन दिन तक चलने वाले मेले के पहले दिन शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में महावीर गुड्डू एंड पार्टी के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। इनके साथ ही कई और कलाकारों ने भजन प्रतिमा के दर्शन कराए। भजन संध्या की रंगारंग प्रस्तुतियों की धुने भगतों के मन पर छाई रही।

रोहतक के बैंड व ढोल ने मचाया धमाल